बारिश पूर्व निगम क्षेत्र के बड़े नालों की हो रही है सफाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बड़े नालो का सफाई कार्य किया जा रहा है। बारिश से पूर्व नालों की सफाई निगम प्रशासन द्वारा कराई जा रही है ताकि बारिश होने पर जल का प्रवाह तीव्र गति से बना रहे एवं जलजमाव व जलभराव की स्थिति न बने। जोन क्षेत्र अंतर्गत बडे नालो की सफाई की जा रही है साथ ही कई स्थानों पर नालियों की खुदाई की जा रही है। ऐसे क्षेत्र जहां पर जलजमाव की स्थिति बन सकती है उन इलाकों के नालियों को भी निर्माण एवं सफाई करके व्यवस्थित करने का कार्य जोन स्तर पर किया जा रहा है। निगम के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि निगम द्वारा नियुक्त एजेंसी द्वारा चैन माउंटेन , जेसीबी और डंपर के माध्यम से निगम क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई कराई जा रही है। जलजमाव को रोकने बड़े नालों की सफाई समय-समय पर की जाती है ताकि जलभराव जैसी स्थिति न हो। जोन 02 अंतर्गत गौरव पथ जय हिंद चौक से वृन्दानगर वार्ड 17 तक नाला की सफाई की जा रही है जो शीतला मंदिर रामनगर वार्ड 14 होते हुए डबल डेकर सामुदायिक शौचालय तक , गौरवपथ मगध तैलिक समाज भवन से बिजली ऑफिस तक , बाबादीप सिंह नगर से आईएचडीपीएस आवास के पीछे तक , जवाहर नगर पेट्रोल पंप के पीछे से इंदु आई टी आई तक , फौजी नगर से 32 एकड़ अटल आवास , काली बाड़ी चौक से बसंत विहार से इंदु आई टी आई स्कूल तक , कालीबाड़ी चौक से बुद्ध विहार जामुल थाना के पीछे , वार्ड 18 एवं 19 की नाली की सफाई कराई जाएगी। जोन 03 अंतर्गत जलेबी चौक से श्याम नगर सुलभ तक , वार्ड 20 का नाला सफाई पूर्ण हो चुका है , वार्ड 21 तालाब से आर्दश नगर तक बड़े नाला की सफाई पूर्ण हो चुकी है। जोन 04 अंतर्गत वार्ड 29 बापू नगर के सिगड़ी मोहल्ला पुलिया से उड़िया बस्ती सुलभ , यादव होटल के पीछे, शासकीय अस्पताल, मोची मोहल्ला, रमा ताई स्कूल से बिजली ऑफीस तक , वार्ड 35 बालक नाथ मंदिर के पीछे, वार्ड 36 रविंदर टावर से कुष्ट आश्रम पुलिया , गुरुद्वारा के पीछे तक बडा नाला की सफाई कराई जा चुकी है।